लोक सभा अध्यक्ष 7-9 अक्टूबर 2021 को रोम, इटली में जी20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के सातवें शिखर सम्मेलन (पी 20) में भारतीय संसदीय शिष्टमंडल का नेतृत्व करेंगे

...

पी-20 शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय "लोगों, विश्व के कल्याण और समृद्धि के लिए संसदें" है

...

लोक सभा अध्यक्ष 'महामारी से उत्पन्न सामाजिक और रोज़गार संकट का सामना करने हेतु कार्यवाही' और 'सामाजिक और पर्यावरणीय संधारणीयता के सन्दर्भ में आर्थिक वृद्धि को पुनर्जीवित करना' विषयों पर आयोजित चर्चा में भाग लेंगे

...

लोक सभा अध्यक्ष इस सम्मेलन में भाग ले रही अन्य देशों की संसदों के समकक्ष पदाधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे

नई दिल्ली, 4 अक्तूबर, 2021 : माननीय लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला के नेतृत्व में एक भारतीय संसदीय शिष्टमंडल जी20 देशों की संसदों के अध्यक्षों के सातवें शिखर सम्मेलन (पी20) में भाग लेने के लिए 7 से 9 अक्तूबर 2021 तक रोम, इटली का दौरा करेगा।

इस शिष्टमंडल में राज्य सभा के माननीय उपसभापति, श्री हरिवंश; लोक सभा के महासचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह और राज्य सभा के महासचिव, डॉ. पी.पी.के. रामाचार्युलु शामिल हैं ।

पी 20 शिखर सम्मेलन का मुख्य विषय "लोगों, विश्व के कल्याण और समृद्धि के लिए संसदें" है। प्रतिनिधि इस मुख्य विषय के अंतर्गत तीन उप-विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। शिखर सम्मलेन के अंत में एक संयुक्तउ वक्ता।व्यि को स्वीकार किया जाएगा।

लोक सभा अध्यक्ष सत्र I में 'महामारी से उत्पन्न सामाजिक और रोज़गार संकट का सामना करने हेतु कार्यवाही' विषय पर अपने विचार व्यक्त करेंगे । वह सत्र II के दौरान 'सामाजिक और पर्यावरणीय संधारणीयता के सन्दर्भ में आर्थिक वृद्धि को पुनर्जीवित करना' विषय पर आयोजित चर्चा में मुख्य वक्ता होंगे। राज्य सभा के माननीय उपसभापति सत्र III के दौरान "महामारी के बाद संधारणीयता और खाध सुरक्षा" विषय पर विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे।

इस शिखर सम्मेलन के दौरान माननीय लोक सभा अध्यक्ष अन्य देशों की संसदों के अपने समकक्ष पदाधिकारियों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे।

पी 20, जी 20 के सदस्य देशों का संसदीय आयाम है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के लगभग 80 प्रतिशत और वैश्विक व्यापार के 75 प्रतिशत से अधिक भाग के साथ ही दुनिया की दो-तिहाई आबादी का प्रतिनिधित्व भी करता है।